सांवरिया तेरा हमपे जो प्यार है

(तर्ज: काली कमली वाला....)

सांवरिया तेरा हमपे जो प्यार है ,
कैसे बोलूं कितना बेशुमार है

जितना सोचा उतना पाया ,
सांवरिया ने प्यार लुटाया ,
जीवन में अब खुशियों की भरमार है ,
कैसे बोलूं .....

आफत ने जब आके घेरा ,
सांवरिये ने डाला डेरा ,
आके संभाला तूने ये परिवार है ,
कैसे बोलूं .....

खाली झोली लेकर आया ,
तूने ही भर के लौटाया ,
आँसू का क़तरा गया नहीं बेकार है ,
कैसे बोलूं .....

जिसके संग में लीलाधारी ,
क्या कर लेगी दुनियादारी ,
'प्रियंका' तेरी शुक्र गुजार है ,
कैसे बोलूं .....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10456/title/saanwariya-tera-humpe-jo-pyaar-hai-kaise-bolu-kitna-beshumaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |